हायर सेकण्डरी परीक्षा

Higher Secondary Examination

शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य

Anotomy Physiology and Health

आदर्श प्रश्न–पत्र

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

Time : 3 Hrs **MM : 75**

निर्देश –

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं, खण्ड 'अ' और खण्ड 'ब'

(iii) खण्ड 'अ' में दिये गये प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। जिनके अंतर्गत रिक्त स्थानों की पूर्ति, एक वाक्य में उत्तर, सही व गलत कथन छांटना तथा सही जोड़ी बनाना है। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

(iv) खण्ड 'ब' में प्रश्न क्रमांक 5 से 16 तक आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 5 से 11 तक 4 अंक आवंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्र. 12 से 14 तक 5 अंक आवंटित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 15 तथा 16 में 6 अंक आवंटित है।

Instruction -

(i) All questions all compulsory

(ii) There are two sections in the paper section A and B

(iii) In section A Nos. 1 to4, are objective type questions.

(iv) Internal option are given in Q No. 5 to Q. No. 16 in paper.

(v) Q. No. 5 to 11 carry 4 marks .

(vi) Q. No. 12 to 14 carry 5 marks .

(vii) Q. No. 15 and 16 carry 6 marks .

खण्ड 'अ'

1. सही विकल्प का चयन कीजिए। 5 अंक

(अ) पर्यावरण संकट के कारण है –

(i) बढ़ती हुई जनसंख्या (ii) औद्यागिकीकरण

(iii) प्रदूषण (iv) उपरोक्त सभी

(ब) किस ग्रंथि को मास्टर ग्रंथि कहा जाता है –

(i) थायराइड (ii) पीयूष

(iii) थाइमस (iv) पीनियल

(स) लाल रक्त कणिकाओं का जीवन काल होता है –

(i) 80 दिन (ii) 75 दिन

(iii) 70 दिन (iv) 120 दिन

(द) रेटीनिन किस विटामिन से बनता है –

(i) विटामिन **C** (ii) विटामिन **A**

(iii) विटामिन **D** (iv) विटामिन **B**

(ई) अण्डाशय में एक अण्ड कितने दिनों में परिपक्व होता है –

(i) 30 दिन (ii) 20 दिन

(iii) 28 दिन (iv) 25 दिन

Section 'A'

Q. 1 Choose the correct option -

(A) Environmental problems are due to -

(i) Growing population (ii) Industrilisation

(iii) Polution (iv) All of the above

(B) Which gland is known as the 'Master Gland'

(i) Thyroid (ii) Pitutory

(iii) thymus (iv) Peneal

(C) Red Blood cells have a life time of -

(i) 80 Days (ii) 75 Days

(iii) 70 Days (iv) 120 Days

(D) Retinin is made from which vitamin

(i) Vitamin C (ii) Vitamin A

(iii) Vitamin D (iv) Vitamin B

(E) How much days an ovam take for maturity in overy

(i) 30 Days (iii) 20 Days

(iii) 28 Days (iv) 25 Days

2. एक वाक्य में उत्तर दीजिए। 5 अंक

(अ) धमनी में किस प्रकार का रक्त बहता है।

(ब) प्रतिवर्ती क्रिया का केन्द्र माना जाता है।

(स) इन्स्युलिन की कमी से रोग होता है।

(द) किशोरावस्था को तूफान की अवस्था किसने कहा है।

(इ) रक्त में बिलीरूबिन बढ़ने से कौन सा रोग होता है।

Answer in one sentence-

(a) What kind of blood flows in the arteries ?

(b) What is considered to be the centre of reflexaction ?

(c) What is caused by the deficiency of insulin ?

(d) Who said adolescence age is called 'age of storm' ?

(e) What is caused increasing of bilirubin in blood

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति करिये 5 अंक

(अ) तंत्रिका ऊतक की रचना .... से होती है।

(ब) जल प्रदूषण के नियंत्रण में कानून सन् .... में बना।

(स) प्रसव के पूर्व .... परीक्षण कानूनी अपराध है।

(द) किशोरावस्था को .... भागों में बांटा गया है।

(इ) कानून में बालकों की वयस्क उम्र .... मानी गई है।

(a) Nervous tissues are made by of ....

(b) The Law for controlling water polution was enacted in year ....

(c) .... determination before child birth is a crime.

(d) Adolescence has been divided in .... parts.

(e) The age of adulthood of a boy is .... under law.

4. सही जोड़ियां बनाओ 5 अंक

1.	एड्स	2.	शरीर का संतुलन
2.	हैजा	2.	HIV विषाणु
3.	कुष्ठ	3.	विब्रयो कोलरा
4.	श्वेत रक्त कणिकाऐं	4.	माइक्रोबेक्टीरियम लेप्री
5.	अनुमष्तिष्क या लघु मस्तिष्क	5.	ल्यूकोसाइट्स
		6.	क्लास्टिडियम बॉटुलिनम
		7.	इरिथ्रोसाइटस

Match the following -

1.	Aids	1.	Balance of Body
2.	Cholera	2.	HIV Virus
3.	Leprosy	3.	Vibrio Cholera
4.	W.B.C.	4.	Micro Bacterium Lipri
5.	Cerebellum	5.	Leucocytes
		6.	Clostridium Botulinum
		7.	Erithrocytes

खण्ड 'ब' SECDION 'B"

5. गंध का ज्ञान जुकाम में क्यों नहीं होता है ? 4 अंक

Why is the sense of smell lost during cough and cold?

अथवा (OR)

स्वाद का ज्ञान किस प्रकार होता है। ?

How do you feel taste by tounge?

6. प्राकृतिक एवं कृत्रिम श्वसन में अंतर बताइये 4 अंक

What is the deference between natural and artificial respiration? (Any Four)

अथवा (OR)

लाबोर्ड विधि समझाइये ?

Describe Labord Method ?

7. सूखी एवं गीली मरहम पट्टी की उपयोगिता समझाइये ? 4 अंक

What is the utility of dry dressing and wet dressing ?

अथवा (OR)

दबाव बिन्दु क्या है ? यह शरीर में कहाँ कहाँ स्थित है।

What are the pressure points ? Where are they situated inthe body ?

8. कान की रचना का नामांकित चित्र बनाइये ? 4 अंक

Draw a labelled diagram of ear ?

अथवा **(OR)**

निकट दृष्टि दोष क्या है ? इसे दूर करने के उपाय लिखिये

What is Myopia ? How is it treated ?

9. टाइफाइड रोग के लक्षण लिखिये ? (कोई चार) 4 अंक

What are the symptoms of Typhoid ? (Any Four)

अथवा **(OR)**

एड्स रोग से बचने के उपाय लिखिये ? (कोई चार)

Write the prevention of AIDS ? (Any four)

10. किशोरावस्था की विशेषताऐं लिखिये (कोई चार) 4 अंक

Write the characteristics of Adolescence ?

अथवा **(OR)**

किशोरावस्था की समस्याऐं समझाइये ? (कोई चार)

Explain the problems of adolescence (Any Four)

11. जल संरक्षण की आवश्यकता लिखिये ? 4 अंक

Write the necessity of water conservation ?

अथवा **(OR)**

भू जल संरक्षण के उपाय लिखिये (कोई चार)

Write the methods of ground water conservation (Any Four)

12. जीवाणु हमारे मित्र तथा शत्रु दोनों ाहैं इस कथन को समझाइये ? 5 अंक

Bacteria our friends and enemies, Explain this statement ?

अथवा **(OR)**

आकृति के आधार पर जीवाणु का वर्गीकरण कीजिये ?

Classified Bacterias on the Basis of shape ?

13. वृहत् मस्तिष्क के कार्य लिखिये ? 5 अंक

Write the functions of cerebrum?

अथवा **(OR)**

प्रतिवर्ती क्रियायें क्या है। ? समझाइये ?

What is the 'Reflex Action' Explain ?

14. धमनी एवं शिरा में अंतर लिखिये ? (कोई पांच) 5 अंक

Write the difference between arteries and veins ? (Any five)

अथवा **(OR)**

रक्त के कार्य लिखिये (कोई पांच)

Write the functions of blood ? (Any five)

15. फेंफड़ों की सचित्र रचना एवं कार्य लिखिये ? 6 अंक

Write structure and functions of lungs ?

अथवा **(OR)**

श्वसन क्रिया क्या है ? इसकी उपयोगिता समझाइये ?

What is respiration ? Explain its utility ?

16. बालिका के जीवन में शिक्षा का महत्व समझाइये ? 6 अंक

Explain importance of education in life of a girl ?

अथवा **(OR)**

बालक–बालिका के प्रति समानता का व्यवहार क्यों आवश्यक है ?

Why is necessary to treat girls and boys in the same way ?

आदर्श उत्तर **(Model Answer)**

1. सही विकल्प चुनिये :– 5 अंक

(अ) **IV** उपरोक्त सभी

(ब) **II** पीयूष

(स) 120 दिन

(द) **II** विटामिन **A**

(इ) **III** 28 दिन

2. एक वाक्य में उत्तर दीजिये। 5 अंक

(अ) शुद्ध रक्त

(ब) सुषुम्ना

(स) मधुमेह

(द) स्टेनले हॉल

(इ) पीलिया

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति करिये 5 अंक

(अ) तंत्रिका कोशिका या न्यूरॉन

(ब) 1974

(स) लिंग

(द) दो भागों

(इ) 21 वर्ष

4. सही जोड़ियां बनाइए 5 अंक

1. – (2) HIV विषाणु

2. – (3) विब्रिओ कोलरा

3. – (4) माइक्रोबेक्टीरियम लेप्री

4. – (5) ल्यूको साइटस

5. – (1) शरीर का संतुलन

खण्ड ब

उत्तर 5. जुकाम की स्थिति में नाक की श्लेष्मिक कला में सूजन आ जाती है तथा नाक की श्लेष्मिक ग्रंथि से निकलने वाले चिकने पदार्थ की मात्रा बढ़ जाती है जिसके कारण घ्राण संवेदना मस्तिष्क तक नहीं पहुंच पाती और गंध का ज्ञान नहीं होता।

(4 अंक)

अथवा

स्वादांकुरो में एपीथेलमी कोशिकाओं के बीच–बीच में संवेदी कोशिकाऐं पाई जाती हैं, जिनका संबंध तंत्रिका तंतुओं से होता है औरस्वतंत्र सिरों पर संवेदीरोम पाये जाते है। स्वाद कलिका में एक सूक्ष्म छिद्र होता है ग्रहण की गई वस्तु लार के साथ घुलकर सूक्ष्म छिद्रों में प्रवेश करती है जिसको संवेदी कोशिकाओं द्वारा ग्रहण किया जाता है इन संवेदी कोशिकाओं द्वारा तंतुओं को उत्तेजित कर दिया जाता है जिससे हमें विभिन्न स्वाद जैसे कड़वा, खट्टा, मीठा, नमकीन आदि का ज्ञान होता है।

उत्तर 6.

1. यह क्रिया स्वतः चलती है।	1. कृत्रिम श्वसन के लिए बाह्मय साधन की आवश्यकता पड़ती है।
2. यह क्रिया जन्म से मृत्यु पर्यन्त चलती है।	2. इस क्रिया की आवश्यकता प्राकृतिक रूप से श्वास न ले पाने पर पड़ती है।
3. इस क्रिया की एक ही विधि है।	3. इस क्रिया की अनेक विधियाँ हैं।
4. इस क्रिया में श्वसन के सभी श्वसन के अंग विधिवत् रूप से भाग लेते हैं।	4. कृत्रिम श्वसन में ऐसा नहीं होता है।

(4 अंक)

अथवा

लोबोर्ड विधि – इस विधि का उपयोग हंसली की हड्डियां टूटने पर होता है। इसमें रोगी के कपड़े ढीले कर चित लिटा दिया जाता है। उसकी जीभ को साफ़ कपड़े से पकड़कर 2 सेकन्ड बाहर रखा जाता है, फिर उसे छोड़ दिया जाता है यह क्रिया बार–बार दोहराई जाती है। इसमें धैर्य की आवश्यकता होती है। छाती की हड्डी टूटने पर भी इस विधि का प्रयोग करते हैं।

7.(अ) सूखी मरहम पट्टी का उपयोग –

(अ) रक्त स्त्राव रोकने के लिए।

(ब) घाव की पीड़ा कम करने के लिये।

(स) संक्रमण रोकने के लिए।

(द) घाव भरने के लिये

(ब) गीली मरहम पट्टी दो प्रकार की होती है।

(1) ठण्डी सेक :–

1. रक्त स्त्राव रोकने के लिए

2. सूजन कम करने के लिए।

(2) गरम सेक

1. घाव की पीड़ा कम करने के लिये।

2. सूजन कम करने के लिये

सूखी मरहम पट्टी उपयोग=02
गीली में ठण्डी सें = 01
गर्म सेंक = 01

अथवा

जिन स्थानों पर धमनी अस्थि के ऊपर से गुजरती है उन्हें दबाव बिन्दु कहते हैं। यह रक्त स्त्राव रोकने के लिए उपयोग में लाई जाती है।

दबाव बिन्दु निम्न हैं :–

1. ग्रीवा में श्वास नलिका के पार्श्व भाग में।

2. कान के ठीक सामने की ओर।

3. जबड़े से 2.5 से.मी. की दूीर पर ।

4. हंसली की अस्थि के आंतरिक भाग में पीछे की ओर।

5. भुजाओं के आंतरिक भाग में।

6. मूत्राशय के पास

परिभाषा के लिये = 1 अंक

शेष के लिए = 3 अंक

8. कान की रचना का नामांकित चित्र 4 अंक



चित्र – कान की रचना

अथवा

निकट दृष्टि दोष में दूर की वस्तुएं साफ दिखाई नहीं देती। इसका कारण नेत्र गोलक का सामन्य से अधिक लम्बा हो जाना है जिससे लेंस और पीत बिन्दु की दूरी बढ़ जाती है और वस्तु से आने वाली किरणें पीत बिन्दु से पूर्व ही केन्द्रित हो जाती है। जिससे प्रतिबिम्ब अस्पष्ट बनता है।

उपचार – इसे अवतल लैंस का चश्मा लगाकर दूर किया जा सकता है।

निकट दृष्टि दोष = 02 अंक

उप चार = 02 अंक

9. टाइफाइड के लक्षण –

1. पूरे शरीर में तीव्र दर्द, उल्टी, चक्कर एवं सिरदर्द होता है।
2. रोगी को 101^0F से 105^0F तक बुखार रहता है।
3. रोगी की जीभ एवं मुंह के किनारे में सफेद आवरण जमना।
4. गम्भीर स्थिति में कब्ज के बाद आंतें से खून आने लगता है।

प्रत्येक लक्षण 1 अंक

कुल 4 अंक

अथवा

एड्स से बचने के उपाय –

1. असुरक्षित यौन सम्बन्ध से बचना चाहिए।
2. दूषित सुई एवं सिरिंज का उपयोग नहीं करना चाहिए।
3. किशोर युवती एवं युवक को एड्स से संबंधित जानकारी देना चाहिए।
4. रक्त चढ़ाते समय सावधानीपूर्वक रक्त की जांच करना चाहिए।

प्रत्येक उपाय पर 1 अंक

कुल 4 अंक

10. किशोरावस्था की विशेषतायें।

1. किशोरावस्था में नव किशोर की स्थिति दुविधाजनक हेती है।
2. शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक परिवर्तन होते हैं।
3. संवेगों में उतार चढ़ाव तेजी से होता है।
4. नव किशोर आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन करता है।
5. परिवार की समस्याओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं

कुल 4 अंक

अथवा

किशोरावस्था की समस्यायें –

1. विषमलिंगी समबन्धों से सम्बन्धित।
2. शरीर की आकृति एवं स्वास्थ्य।
3. सामाजिक सम्बन्ध।
4. भविष्य की योजनायें।
5. स्कूल का काम ।
6. व्यवसाय का चुनाव।
7. काम सम्बंधी।
8. नैतिक व्यवहार।
9. धर्म।
10. जीवनसाथी का चुनाव।

कुल 4 अंक

11. जल संरक्षण

जल प्रकृति द्वारा दिया गया मुफ्त उपहार है, परन्तु जनसंख्या वृद्धि के कारण हर क्षेत्र में जैसे कृषि, औद्योगिक एवं मानव की दैनिक आवश्यकताओं हेतु जल की खपत बढ़ी है। जिसकी आपूर्ति सीमित हो गई है। वर्तमान में जल संकट एक गम्भीर समस्या बन रही है। अतः वर्तमान एवं भविष्य में जल प्राप्त होता रहे, इसके लिए जल संक्षरण आवश्यक है।

अथवा

भूजल संरक्षण के उपाय – 4 अंक

1. भूजल के दोहन को उचित अनुपात में कम करना चाहिए। अनियंत्रित दोहन को रोकना चाहिए।
2. पुनर्भरण के बराबर ही दोहन की मात्रा होना चाहिए।
3. सतही जल का संग्रहण छोटे, बड़े बांध आदि बनाकर करना चाहिए।
4. वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को हर स्थान पर लगाना चाहिए।

प्रत्येक उपाय पर 1 अंक

12. जीवाणु

हमारे मित्र

1. डेयरी व्यवसाय – जैसे जीवाणु की मददसे दही, पनीर मक्खन बनाया जाता है।

2. एसीटिक अम्ल या सिरका बनाने में।

3. जूट उपयोग में पौधों से रेशों के अलग करने में।

4. चर्म उद्योग में।

हमारे शत्रु

1. भूमि की उर्वरकता कम करना।

2. खाद्य पदार्थों को विषाक्त करना।

3. कपास नष्ट करना।

4. रोग उत्पन्न करना।

लाभ पर 2½ अंक
हानि पर 2½ अंक

अथवा

आकृति के आधार पर जीवाणु का वर्गीकरण जीवाणु चार प्रकार के होते हैं।

1. गोलाकार – (अ) माइक्रोकोकस (ब) स्टैप्टोकोकास (स) स्टेफाइलो कोकस (द) डिप्लोकोकास (इ) टेट्राकोकस

2. बेसीलस।

3. स्पाइरीलम।

4. कोमा रूप (वाइब्रियो)। **5 अंक**

13. वृहत् मस्तिष्क के कार्य –

1. ऐच्छिक पेशियों पर नियंत्रण।
2. त्वाचा को, पेशियों, अस्थियों व जोड़ों से संवेदना प्राप्त करना।
3. देखने, सुनने, स्वाद एवं स्पर्श की संवेदना का ज्ञान करना।
4. स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता एवं विचार विमर्श की क्षमता प्रदान करना।
5. मानसिक क्षमतायें बनाए रखना।

कुल 5 अंक

अथवा

प्रतिवर्ती क्रिया–

शरीर में मेरूरज्जु का विस्तार होकर मस्तिष्क का निर्मण होता है। मस्तिष्क दो तरह से कार्य करता है।

1. सूचनाओं को एकत्रित करके विधिपूर्वक विश्लेषण के बाद अनुक्रिया करता है।
2. कुछ अनुक्रियायें स्वतः प्रेरित हो जाती हैं। ऐसी अनुक्रिया जो मस्तिष्क के आदेश के बिना स्वतः हो जाती हैं, प्रतिवर्ती क्रिया कहलाती हैं। जैसे – सुई चुभना, आग से जलना, पलक का झपकना, छींक आना आदि।

परिभाषा =2 अंक

उदाहरण =3अंक

14. धमनी एवं शिर में अंतर। 5 अंक

	धमनी		शिरा
1.	इनका रंग लाल होता हे।	1.	इनका रंग नीला या बेंगनी होता है।
2.	इनमें रक्त ह्रदय से शरीर के विभिन्न अंगों की ओर जाता हैं	2.	इसमें रक्त शरीर के विभिन्न अंगों से ह्रदय की ओर जाता है।
3.	इसकी दीवार मोटी व लचीली, तीन स्तरों की होती है।	3.	इसकी दीवार, पतली, कम लचीली तथा तीन स्तर की होती है।
4.	यह शरीर के अंदर गहराई में स्थित	4.	यह शरीर की ऊपरी सतह पर त्वचा

होती है। के अंदर होती है।

5. इसमें कपाट (Valve) नहीं होते। 5. इसमें कपाट (Valve) होते हैं।

प्रत्येक अन्तर का 1 अंक

रक्त के कार्य –

1. रक्त शरीर के ऊतकों को बनाए रखता है।
2. रोगाणुओं से शरीर की रक्षा करता है।
3. शरीर की प्रत्येक अंग की कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुंचाना तथा वहां से कार्बन डाई आक्साइड लाना।
4. भोजन से अवशोषित पोषक तत्वों को शरीर के प्रत्येक भाग में पहुंचाना।
5. शरीर के प्रत्येक भाग में हार्मोन पहुंचाना।

प्रत्येक कार्य पर 1 अंक

15. फेंफड़ों की सचित्र रचना एवं कार्य 6 अंक



श्वसन तंत्र का मुख्य अंग फेंफड़े हैं। ये संख्या में दो होते हैं। दाँया फेंफड़ा, बाँयें फेंफड़े की अपेक्षा बड़ा होता है। फैंफड़ों की बाहरी सतह सपाट एवं चिकनी होती है। परन्तु भीतरी संरचना स्पंजी एवं अनेक वायुकोषों में बंटी रहती है। प्रत्येक वायु कोष का संबंध एक श्वसनी से होता है। श्वसनी दो होती हैं जो फेफड़ों के

अंदर प्रवेश कर कई शाखाओं एवं उपशाखाओं में बंट जाती है। अत्यंत महीन शाखाऐं जो अन्तिम रूप से बनती हैं के सिरे पर वायु कोष गुच्छे की तरह जुड़े रहते हैं।

कार्य– (1) रक्त का शुद्धिकरण

(2) ऑक्सीजन को श्वसन द्वारा अंदर लेकर शरीर के विभिन्न अंगों तक पहुंचाना।

(3) CO_2को शरीर के विभिन्न अंगों से लेकर निःश्वसन द्वारा बाहर निकालना।

रचना = 2 अंक
चित्र = 2 अंक
कार्य = 2 अंक

अथवा

श्वसन क्रिया–

शुद्ध वायु (ऑक्सीजन) को ग्रहण करना और अशुद्ध वायु (कार्बन डाई आक्साइड) को शरीर से बाहर निकालना श्वसन कहलाता है। श्वसन में मुख्यतः दो क्रियायें निहित होती हैं, अन्तःश्वसन एवं निःश्वसन। अन्तःश्वसन का अर्थ है श्वास अंदर लेना एवं निः श्वसन का अर्थ है सांस बाहर निकालना अन्तः श्वसन में ली गई वायु, वायुकोषों में भर जाती है। हमारे दोनों फेफड़ों में लगभग 30 करोड़ कोष्ठक होते हैं। कोष्ठकों की महीन दीवार में रक्त कोशिकाओं का घना जाल होता है तथा रक्त कोशिकाओं की दीवार तथा कोष्ठकों की दीवार सटी होती है एवं अत्यंत पारगम्य है तथा इन्हीं दीवार से CO_2 तथा O_2 का आदान प्रदान होता है।

उपयोगिता :–

(1) रक्त का शुद्धिकरण।

(2) O_2 को शरीर के विभिन्न अंगों तक (अन्तः श्वसन) पहुंचाना।

(3) CO_2 को शरीर अंगों से निःश्वसन द्वारा बाहर निकालना।

श्वसन क्रिया = 3 अंक
उपयोगिता = 3 अंक

16. बाालिक के जीवन में शिक्षा क महत्व – कुल 6 अंक

अगर बालिकायें शिक्षित न हों तो उनमें आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता की कमी रहती है। वे अपनी समस्या का समाधान स्वयं नहीं कर पातीं। गंधी जी ने कहा था कि ''एक लड़की की शिक्षा एक लड़के की श्क्षिा से अधिक मत्वपूर्ण है'' क्योांकि बालिकओं का शिक्षित होना अतिआवश्यक है एक शिक्षित स्त्री पूरे परिवार को शिक्षित करती है'' स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि यदि एक पुरूष को शिक्षित करते हैं तो केवल एक ही व्यक्ति शिक्षित ाहोता है। जबकि एक लड़की को शिक्षित करते हैं तो पूरा परिवार शिक्षित होता है।''यदि बाालिका को शिक्षा दी जायेगी तो वह बड़ी होकर अपने भाई–बहनों व परिवार के सभी सदस्यों को शिक्षा देने का कार्य करती है। वर्तमान समय में बालक बालिका को समान अधिकार समाज में दिये गये है। और आज हर क्षेत्र में बालिकाऐं बालकों के साथ कंधे से कधा मिलाकर कार्य कर रही है। साथ ही दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है।

अतः हम कह सकते है कि वर्तमान समय के परिप्रेक्ष्य में बालिका शिक्षा का बहुत महत्व है। बालिका शिक्षा द्वारा ही देश की उन्नति सम्भव है।

अथवा

बालक बालिका के प्रति समानता के व्यवहार की आवश्यता इसलिए है क्योंकिः–

1. आर्थिक प्रगति हेतु।
2. सांस्कृतिक विकास हेतु।
3. मानवीय दृष्टिकोण हेतु।
4. विश्व में अग्रणी भूमिका हेतु।
5. देश की सुदृढ़ भविष्य हेतु।
6. सामाजिक कुरीतियाँ दूर करने हेतु ।

प्रत्येक पर 1 अंक
कुल 6 अंक